>

Title: Need toallocate funds to develop Sanjay Dubri Tiger Reserve as Tourist place.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यावरण मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कई सारे ऐतिहासिक व रमणीय पर्यटन स्थल हैं, जिनमें से एक संजय दुबरी टाइगर रिजर्व है । मैं आपके माध्यम से अत्यंत गर्व के साथ इस सदन से यह साझा करना चाहती हूं कि 'मोहन' नामक सफेद शेर जो पूरे बिंद का ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की शान रहा है, जिसकी प्रसिद्धि के बारे में सभी जानते हैं । यह सबसे पहले हमारे क्षेत्र में ही पाया गया था ।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहती हूं कि यह क्षेत्र दुबरी का संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र है, इसमें अभी बहुत सारी कमियां हैं और यहां पर बहुत सारी व्यवस्थाओं की आवश्यकता है । जैसे जब पर्यटक आते हैं, तो उनकी सुरक्षा की व्यवस्था में कमी है, इसके साथ ही आवागमन, उसके सौंदर्यीकरण आदि के लिए काफी बजट की आवश्यकता है ।

मैं केन्द्र सरकार को धन्यवाद देती हूं कि मैंने जब पिछले वर्ष आग्रह किया था, तो हमें 290 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें कुछ व्यवस्थाएं हो पाई थी । लेकिन इसे और व्यवस्थित और सुद्दढ़ करने के लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहती हूं कि हमें और धनराशि की आवश्यकता है । इस पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए हमें और बजट की आवश्यकता है, कृपया इसे उपलब्ध कराएं ।